# पहलवानों को जंतर मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं

## दिल्ली पुलिस ने कहा, उपयुक्त स्थल पर धरना देने पर ऐतराज नहीं



जनसंपर्क अधिकारी सुमन नलवा




पहलवानों का सामान उठाने के बाद जंतर-मंतर पर अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगा दी गई। फोटोः रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर प्रदर्शनक कर रहे पहलवानों को धरनास्थल से हटाए जाने के एक दिन बाद सोमवार को दिल्ली पुलिस ने कहा कि उन्हें जंतर-मंतर को छोड़कर किसी अन्य उपयुक्त स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति दी जाएगी। दिल्ली पुलिस की जनसंपर्क अधिकारी सुमन नलवा ने कहा कि पहलवानों के पुराने रिकॉर्ड और जिस तरह उन्होंने रविवारक को व्यवहार किया, उसे देखते हुए जंतर-मंतर में प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर वे लिखित अनुरोध करते हैं, तो वह न्हें किसी अन्य स्थान पर प्रदर्शन करने के लिए अनुमति दे सकते हैं।

सुमन नलवा ने कहा कि पुलिस बल प्रदर्शनकारियों से सहयोग कर रहा था, लेकिन रविवार की घटना ने उन्हें प्रदर्शनस्थल को खाली कराने पर मजबूर कर दिया। वे पिछले 38 दिन से प्रदर्शन कर रहे थे और पुलिस उनके साथ सहयोग कर रही थी। उन्हें पानी और जनरेटर उपलब्ध कराए जा रहे थे। पहलवानों ने 17 मई को मार्च निकालने के लिए अनुमति मांगी थी और उन्होंने 23 मई को भी कैंडल मार्च निकाला था, लेकिन उन्होंने कल जो किया, वह कानून-व्यवस्था के खिलाफ था। उन्हें रविवार को मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि रविवार को नई संसद का उद्घाटन होना था। इसके बावजूद उन्होंने प्रदर्शन किया और पहले अवरोधक को तोड़ कर दूसरे अवरोधक की ओर बढ़े तथा उन्होंने उसे भी तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

## अगली रणनीति बनाने में जुटे पहलवान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुलिस हिरासत से रविवार देर रात रिहा होने के बाद पहलवानों ने जल्द आगे की रणनीति बनाने का ऐलान किया है। कल जो कुछ भी हुआ अभी वे उससे उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें खेल जगत से समर्थन मिलना जारी है। वहीं राजनीतिक और खेल हस्तियों ने शीर्ष पहलवानों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की निंदा की है।

विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, संगीता फोगाट, साक्षी मलिक और कई अन्य पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस समय हिरासत में ले लिया जब वे महिला महापंचायत के लिए नए संसद भवन की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे थे। जंतर मंतर से शीर्ष पहलवानों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई के कई वीडियो सामने आए। विरोध कर रहे पहलवानों में से एक ने कहा, वह जल्द ही बताएंगे कि उनका अगला कदम क्या होगा। वे जल्द ही इस पर चर्चा करेंगे। पुलिस ने बजरंग, विनेश और साक्षी तथा कई अन्य के खिलाफ कानून और व्यवस्था के उल्लंघन के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि वे पहलवानों को अब जंतर-मंतर पर वापस जाने की अनुमति नहीं देंगी।

## पुलिस ने तय प्रदर्शन स्थल पर किसी को नहीं छुआ : ठाकुर

*पीएनएस। नई दिल्ली/ अहमदाबाद*



*नए संसद भवन की ओर कूच करने वाले प्रदर्शनकारी पहलवानों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के एक दिन बाद केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि प्रदर्शन को जंतर-मंतर तक सीमित रखने तक उन्हें छुआ तक नहीं गया। पहलवानों को तय जगह पर विरोध प्रदर्शन करने से किसी ने नहीं रोका। जब उन्होंने निर्धारित स्थान पर कैंडल मार्च निकाला, तो किसी ने उन्हें नहीं रोका। अनुराग ठाकुर ने कहा कि चूंकि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है, इसलिए उन्हें आगे आना चाहिए और अपना बयान दर्ज कराना चाहिए तथा जांच पूरी होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल की उपलब्धियां गिनाते हुए संवाददाता सम्मेलन में ठाकुर ने कहा कि पहलवानों के आरोपों पर उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार पहले ही प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब है कि विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया, संगीता फोगाट, साक्षी मलिक समेत अन्य को दिल्ली पुलिस ने रविवार को उस वक्त हिरासत में ले लिया, जब वे महिला महापंचायत के लिए नए संसद भवन की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे थे। पहलवान 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।*



इंडिया गेट पर बारिश के दौरान खुद का बचाव करते युवक।

## राजधानी में हल्की वर्षा चार दिन नहीं चलेंगी लू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में सोमवार को तेज हवा के साथ हल्की बारिश के चलते मौसम सुहाना हो गया। सफदरजंग वेधशाला में दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच-पांच डिग्री कम 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र ने कहा है कि चार जून तक राजधानी में लू की स्थिति लौटने की संभावना नहीं है।

मौसम विज्ञानियों ने इस घटना के लिए सामान्य से अधिक पश्चिमी विक्षोभ को जिम्मेदार ठहराया। राजधानी दिल्ली में सोमवार की सुबह से ही ज्यादातर हिस्सों में तेज चमकदार सूरज निकला रहा। दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी तीखी और तेज हो गई। तेज धूप और वातावरण में मौजूद नमी के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी का अहसास हुआ। लेकिन, दोपहर के बाद मौसम में बदलाव देखनेको मिला। ज्यादातर हिस्सों में घने बादल छा गए। नमी भरी ठंडी हवाएं चलने लगीं। फिर तेज रफ्तार हवाओं के साथ कई जगहों पर तेज बौछारें पड़ीं।

दिल्ली एनसीआर के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि सामान्य से पांच डिग्री कम है।

वहीं, मौसम की इन गतिविधियों के चलते दिल्ली के लोगों को प्रदूषण से भी खासी राहत मिली है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 136 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी मेंरखा जाता है।

# कानून व्यवस्था पर आप का एलजी से सवाल

**साक्षी हत्याकांड**



**● केजरीवाल बोले- कानून व्यवस्था बनाए रखना उपराज्यपाल की जिम्मेदारी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से शाहबाद डेरी में नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखना एलजी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने इस दिल दहला देने वाली घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं, पुलिस का कोई डर ही नहीं है। लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भी इस घटना को लेकर उपराज्यपाल की आलोचना करते हुए कहा कि संविधान ने उपराज्यपाल को केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी है। एलजी अपना सारा समय दिल्ली सरकार के कामों में रोड़ा अटकाने में लगाते हैं। उपराज्यपाल से हाथ जोड़ कर निवेदन है कि महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान दें। दिल्ली में महिलाएं बिलकुल भी सुरक्षित नहीं हैं।

वहीं दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस की आलोचना की और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस या कानून से कोई नहीं डरता। स्वाति मालीवाल ने कहा, क्या कसूर था 16 साल की गुड़िया का जो उसे इस तरह सड़क पर बेरहमी से मार दिया गया। दिल्ली में किसी को पुलिस और कानून का डर नहीं है। यदि आज कुछ नहीं किया गया तो दरिंदगी की सारी हदें पार होती रहेंगी।

## एबीवीपी ने डीयू में निकाला कैंडल मार्च



**नई दिल्ली।** शाहाबाद डेयरी क्षेत्र में साहिल नाम के युवक के नाबालिग लड़की निर्मम हत्या कर दी। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आरोपी को फांसी देने की मांग की और दिल्ली विश्वविद्यालय में आर्ट्स फैकल्टी में कैंडल मार्च निकाला। साथ ही इस निर्मम घटना का छात्रों ने विरोध करते हुए मृतका व उसके परिवार को शीघ्र न्याय देने की मांग की। एबीवीपी ने मांग है की प्रशासन द्वारा जल्द इस मामले में फास्ट ट्रैक्क कोर्ट में केस चलाकर आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। ताकि ऐसी बर्बरता करने वालों को कड़ा संदेश जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। परिषद के दिल्ली प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि घटना अत्यंत दुर्भावनापूर्ण तथा निंदनीय है।

## अध्यादेश : समर्थन के लिए माकपा नेता येचुरी से मिले मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को माकपा महासचिव सीताराम एचुरी से मुलाकात करेंगे और दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ उनका समर्थन मांगेंगे। केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन पाने के लिए केजरीवाल विपक्षी नेताओं से संपर्क साध रहे हैं।

केजरीवाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि मंगलवार दोपहर 12:30 बजे माकपा मुख्यालय में सीताराम एचुरी से मुलाकात कर अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगेंगे। केन्द्र सरकार ने दानिक्स कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक अध्यादेश जारी किया। मालूम हो कि अध्यादेश लागू करने के छह महीने के भीतर इसकी जगह लेने के लिए संसद में विधेयक लाना होगा।

## तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच फिर खूनी संघर्ष गैंगवार में दो गुटों में चाकू से ताबड़तोड़ वार

**● हरिनगर थाने में मामला दर्ज**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



तिहाड़ जेल में एक बार फिर कैदियों के बीच खूनी झड़प हुई। कैदियों ने राहुल उर्फ पवन पर चाकू और हाथ से बने औजारों से ताबड़तोड़ हमले किए। इस झड़प में एक विचाराधीन कैदी आलोक उर्फ विशाल ने खुद को भी चोट पहुंचाई। हाथापाई में दोनों समूहों के सदस्यों को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जेल कर्मियों ने घटना में शामिल कैदियों को तुरंत अलग कर दिया गया। इस मामले में हरि नगर थाने में केस दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार को दोपहर करीब 12.40 बजे हुई। तिहाड़ जेल के जेल नंबर एक में कुछ कैदियों ने राहुल उर्फ पवन पर धारदार हथियार और सुआ से हमला किया, जिससे कैदी को चोटें आईं। घटना के बाद जेल कर्मचारी, टीएसपी और त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने हस्तक्षेप किया और घटना में शामिल कैदियों को तुरंत अलग कर दिया गया। जेल अधिकारी ने कहा, जेल डिस्पेंसरी में प्राथमिक चिकित्सा के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया।

## डीयू दाखिलाः ईसीए, खेल कोटे वाली सीट के नियमों में बदलाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने पाठ्एतर गतिविधियों (ईसीए) और खेल कोटा के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के नियमों में बदलाव किया है, क्योंकि दोनों श्रेणियों में से प्रत्येक श्रेणी को 2.5 प्रतिशत अधिसंख्य सीट दी जाएंगी।

अधिसंख्य सीट वे हैं, जो एक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित सीट से अधिक हैं। डीयू में दाखिला विभाग के डीन हनीत गांधी ने कहा कि उनका मानना है कि नए मानदंड दाखिला प्रक्रिया में समानता लेकर आएंगे। विश्वविद्यालय के अधिकारी ने कहा कि दोनों श्रेणियों के तहत सीट की संख्या की गणना अब पाठ्यक्रम के आधार पर की जाएगी, न कि कॉलेज के आधार पर, जैसा कि पहले किया जाता था। पिछले हफ्ते डीयू की अकादमिक परिषद की बैठक में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया था। अंतिम निर्णय कार्यकारी परिषद द्वारा लिया जाएगा, जो विश्वविद्यालय की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है।

अब तक, कुल सीट क्षमता की अधिकतम पांच प्रतिशत की सीमा के साथ ईसीए या खेल कोटा तहत छात्रों के दाखिले की संख्या तय करना कॉलेजों के विवेकाधीन था।

## आश्रम-डीएनडी पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**● लटकते हुए हाईटेंशन तारों को सुरक्षित ऊंचाई तक उठाए जाने के बाद भारी वाहनों के लिए खोल दिया गया : आतिशी**

आश्रम-डीएनडी फ्लाईओवर के विस्तारित हिस्से को नीचे लटकते हुए हाईटेंशन तारों को सुरक्षित ऊंचाई तक उठाए जाने के बाद सोमवार से भारी वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

दिल्ली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की मंत्री आतिशी ने कहा कि इन तारों को सफलतापूर्वक उठाने से अब सभी वाहनों को बिना किसी प्रतिबंध के इस मार्ग का उपयोग करने की अनुमति मिल गई है। आतिशी ने कहा, आश्रम-डीएनडी फ्लाईओवर के विस्तारित हिस्से पर भारी वाहनों की आवाजाही को हाई-टेंशन तारों के आसपास यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियात के तौर पर प्रतिबंधित कर दिया गया था। हालांकि, संबंधित विभाग की सहायता से पीडब्ल्यूडी ने तारों को सफलतापूर्वक हटा दिया है, जिससे सभी वाहन बिना किसी प्रतिबंध के इस महत्वपूर्ण मार्ग का उपयोग कर सकते हैं।

इससे पहले, भारी वाहनों को फ्लाईओवर का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप यात्रा में अधिक समय लगता था और वैकल्पिक मार्गों पर भीड़भाड़ होती थी।

अब प्रतिबंधों को हटाने के साथ वाणिज्यिक और निजी दोनों ही प्रकार के वाहनों के लिए यात्रा में कम समय लगेगा और भीड़ कम होगी। उन्होंने कहा कि सराय काले खां से लाजपत नगर तक के हिस्से का निर्माण भी पांच दिनों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार



लाजपत नगर मार्केट में लगी आग को बुझाती दमकल की गाड़ी।

### लाजपत नगर बाजार में आग से पांच दुकानें जलीं

नई दिल्ली। लाजपत नगर के सेंट्रल मार्केट में सोमवार शाम को भीषण आग लगने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। हालांकि मौके पर अग्निशमन विभाग की कुल 14 गाड़ियों ने पहुंचकर मोर्चा संभाला और आग पर काबू पा लिया। कपड़े की एक दुकान में लगी आग की चपेट में मार्केट की कुल पांच दुकानों के आने की बात सामने आई है। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। मामले की सूचना के बाद लाजपत नगर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है। प्राथमिक जांच के बाद आग लगने का कारण संभवतः शार्ट सर्किट माना जा रहा है। अग्निशमन विभाग के अनुसार, सोमवार शाम करीब 4.10 बजे लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर अग्निशमन की चार गाड़ियां भेजी गईं लेकिन बढ़ती आग को देखते हुए 04:50 बजे कुल 14 गाड़ियों को मौके पर भेजकर 05.40 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

### मधुमेह के लिए शोध व परीक्षण पर जोर

**नई दिल्ली।** कम से कम 400 औषधीय पौधे ऐसे हैं जो रक्त में शर्करा के स्तर को कम करने में मददगार हो सकते हैं, लेकिन इनमें से अब तक केवल 21 पर ही गहन शोध किया गया है। शोधकर्ताओं ने 'ट्रीटमेंट इन नेचर्स लैप- यूज ऑफ हर्बल प्रोडक्ट्स इन मैनेजेमेंट ऑफ हाइपरग्लाइसीमिया' शीर्षक वाले इस अध्ययन में यह भी कहा कि (मधुमेह से निपटने संबंधी) 'कई एलोपैथिक दवाओं की पृष्ठभूमि जड़ी-बूटियों से जुड़ी है।' एमिल फार्मास्युटिकल्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने कहा, 'इनके अलावा प्रतिरोधक क्षमता व एंटी-ऑक्सीडेंट स्तर को बढ़ाने के लिए इसमें गिलोय और मजीठ जैसे पादप भी मिलाए गए हैं।' जवाहरलाल स्नातकोत्तर स्वास्थ्य शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान-पुडुचेरी और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-कल्याणी के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया यह अध्ययन हाल में 'वर्ल्ड जर्नल ऑफ डायबिटीज' में प्रकाशित हुआ है।

# राजधानी में एक और विश्वस्तरीय स्कूल खुला

## रिठाला में शिक्षा मंत्री ने किया राणा प्रताप राजकीय सर्वोदय कन्या/बाल विद्यालय का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजकीय सर्वोदय कन्या/बाल विद्यालय पहुंची शिक्षा मंत्री आतिशी। इनसेट में स्कूल भवन

**● चार मंजिला भवन में स्मार्ट क्लासरूम, 10 अत्याधुनिक लैब, 2 लाइब्रेरी, लिफ्ट समेत अन्य सुविधाएं**

केजरीवाल सरकार ने सरकारी स्कूलों के भवन निजी स्कूलों से भी बेहतर बना रही है। ऐसा ही एक और रिठाला में राणा प्रताप राजकीय सर्वोदय कन्या/बाल विद्यालय शुरू किया है। इस स्कूल में 2 शिफ्ट में 5500 से ज्यादा बच्चे पढ़ सकेंगे।

नया भवन में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले 50 क्लासरूम, 10 प्रयोगशाला, 2 पुस्तकालय, ऑफिस और स्टाफ रूम, एक्टिविटी रूम, छात्रों के लिए लिफ्ट और करीब 250 लोगों की क्षमता वाला वातानुकूलित मल्टी पर्पस हॉल है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने सोमवार को नई बिल्डिंग का उद्घाटन कर दिल्ली वालों को समर्पित किया। आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली सरकार स्कूल की ये नई बिल्डिंग निजी स्कूलों से भी शानदार है, जो हर तबके के बच्चों को विस्व स्तरीय शिक्षा मुहैया कराएगा। अकसर यह कहा जाता है कि इंसान का भाग्य उसके हाथ की लकीरों में लिखा हुआ है। अगर कोई बच्चा अमीर परिवार में पैदा होता है, जहां पर उसके माता पिता के पास महंगी निजी स्कूलों के फीस देने के पैसे है ऐसे में जब 3 साल के उम्र से उस बच्चे का दाखिला महंगे निजी स्कूल में होता है तो उसका भविष्य वहीं से तय हो जाता है लेकिन दूसरी ओर कोई गरीब परिवार का बच्चा है जिसके माता-पिता के पास निजी स्कूल में दाखिला कराने के पैसे नहीं है तो वह मजबूरी में सरकारी स्कूल में दाखिला कराते हैं।

अगर देश भर के सरकारी स्कूल का शिक्षा का डेटा देखे तो उससे साफ होता है कि ज्यादातर मौकों में अगर बच्चे ने सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया तो वह 12 वीं की पढ़ाई पूरी करने से पहले ही पढ़ाई छोड़ देता है।

## डीटीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं दी जा रही पेंशन : बिधूड़ी



**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा दिल्ली परिवहन निगम के 20 हजार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन नहीं दी जा रही है। साथ ही अस्थाई और ठेके पर काम करने वाले करीब 28 हजार कर्मचारियों के शोषण का आरोप लगाया है। इन कर्मचारियों के पास केजरीवाल के हाथ का लिखा हुआ पर्चा है कि सत्ता में आने के बाद उन्हें पक्का कर दिया जाएगा लेकिन पिछले आठ सालों से ये कर्मचारी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यही नहीं, अब सार्वजनिक परिवहन का ही निजी करण करने की नीति लागू की जा रही है। डीटीसी की 3560 बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी है। सरकार को 400 इलेक्ट्रिक बसें भी केंद्र सरकार द्वारा ही दी जा रही हैं। सरकार डिम्ट्स के अंतर्गत प्रीमियम बस सेवा चलाने का षडयंत्र रच रही है। इसमें प्राइवेट ऑपरेटरों की बसें चलेंगी और किराया व रूट प्राइवेट ऑपरेटर ही तय करेंगे। इस तरह डीटीसी के कर्मचारियों के साथ-साथ इन अस्थाई और ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों का भविष्य भी अंधकारमय हो गया है।

